भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1624
उत्तर देने की तारीख 08 दिसम्बर, 2021

नेटवर्क हैंग होने की समस्या

1624. श्री सुनील कुमार मंडल:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने नेटवर्क हैंग होने की समस्या तथा मोबाइल हैंग होने की समस्या विशेषकर एप्पल तथा अन्य की समस्या का समाधान करने के लिए कोई पहल की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या भावी पहलें की गई हैं या की जा रही हैं, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) नेटवर्क संबंधी मुद्दों और हैंग होने की समस्या के अंतर्गत की गई शिकायतों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) और (ख) दूरसंचार विभाग के पास नेटवर्क और मोबाइल विशेषकर एप्पल और अन्य फोनों में हैंग होने से संबंधित समस्याओं के बारे में कोई विशेष सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ग) केन्द्रीकृत सार्वजनिक शिकायत निपटान एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) पोर्टल में उपलब्ध डाटा के अनुसार दिनांक 01.01.2021 से दिनांक 30.11.2021 तक की अवधि में “मोबाइल: नेटवर्क समस्या/खराब कवरेज” की श्रेणी में दूरसंचार विभाग (डीओटी) को कुल 3031 शिकायतें प्राप्त हुई थी।

*****